पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 9 मई 2025

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

## भारत के सैन्य पराक्रम एवं निर्णायक नेतृत्व का अभिनंदन: अभाविप

पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले, जिसमें निर्दोष हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाया गया, ने सम्पूर्ण राष्ट्र की आत्मा को झकझोर दिया है। यह हिंसा न केवल मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि भारत की सुरक्षा, अखंडता, सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात है।

इस वीभत्स घटना के पश्चात भारतीय सैन्य बलों द्वारा प्रारंभ की गई निर्णायक कार्रवाई "ऑपरेशन सिंदूर" के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरकार के नेतृत्व और सेना के साहस का हार्दिक अभिनंदन करती है। यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, अपितु भारत की सामूहिक चेतना, राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं सुरक्षा नीति की स्पष्टता का प्रतीक है।

अभाविप का मानना है कि पाकिस्तान पोषित आतंकवाद एवं उसके सहयोगी तंत्र का समूल नाश करना देश एवम मानवता की स्थायी सुरक्षा के लिए आवश्यक एवं अपरिहार्य है। अभाविप पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों की कड़ी निंदा करती है। इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समस्त देशवासियों से आह्वान करती है कि वे शासन एवं प्रशासन द्वारा प्रसारित निर्देशों का पूर्णतः पालन करें, देश में एकता, संयम एवं समरसता बनाए रखें, और राष्ट्रविरोधी ताक़तों के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध एक निर्णायक संकल्प है। यह भारत की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और नेतृत्व की दृढ़ता का द्योतक है। यह समय है जब प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर, राष्ट्र की रक्षा और सामाजिक एकता के लिए तत्पर रहना चाहिए। अभाविप का प्रत्येक कार्यकर्ता इस घड़ी में देश, समाज एवं प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलकर खड़ी है।"

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)**